अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

चर्चा में क्यों?

14 नवंबर, 2021 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2021 में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मध्य प्रदेश पेवेलियन का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस पवेलियन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, एमपी पर्यटन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, लघु उद्योग निगम, मृगनयनी एंपोरियम, कृषि एवं किसान कल्याण, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने भाग लिया अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया।
- प्रमुख उत्पादों में सीधी ज़िले का कोदो-कुटकी और पंजा दरी, टीकमगढ़ के पीतल के उत्पाद, शिवपुरी की कपड़े की जैकेट, भोपाल के हस्तकला उत्पाद, रतलामी सेंव के साथ मृगनयनी एंपोरियम द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कृषि आधारित एक स्टार्टअप **Inventohack** ने भी प्रदर्शनी में भाग लिया।
- ज्ञातव्य है कि प्रति वर्ष प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 14 से 27 नवंबर तक यह मेला आयोजित किया जाता है। इस मेले में अन्य देशों के अलावा विभिन्न राज्य, केंद्रशासित प्रदेश, भारत शासन के मंत्रालय द्वारा भाग लिया जाता है।
- देश की आज़ादी के 75 वर्ष में 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' पर आयोजित 40वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 आत्मनिर्भर भारत की थीम पर केंद्रित है। इस आयोजन से देश में निवेश और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-trade-fair-1